प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 01.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को जारी रखने का किया फैसला : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत प्रदेश के किसानों ने जताया आभार।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नशाखोरी और जुए के खिलाफ जागरूक करने वाली वाराणसी की ग्रीन आर्मी को सराहा : कहा– प्रतिभाओं का पावर हाउस है हमारा देश।
3. मुख्यमंत्री ने प्रदेश में सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के दिए निर्देश : कहा– छह से 10 जनवरी तक स्कूलों–कॉलेजों में चलाय जायें जागरूकता कार्यक्रम।

और

4. महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे शुरू करेगा त्रिकोणीय सेवा : अयोध्या, वाराणसी और प्रयागराज को जोड़ने वाली ट्रेनों का होगा संचालन।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को जारी रखने का फैसला किया गया है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस मद में आवंटित राशि बढा

कर 69 हजार पांच सौ 15 करोड रुपये कर दी गई है। श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में किसानों को बीमा योजना के अन्तर्गत एक लाख 70 हजार करोड रुपये की राशि का भुगतान किया गया। बाइट......

*जो फैसले आज लिये गये वो सारे के सारे किसानों के वेलफेयर से संबंधित है। आज सबसे बड़ा ये फैसला लिया गया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना उसके एलोकेशन को इनहेंस किया गया। 69550 करोड़ किया गया और ये जिस तरह का ये अनुभव आया है जिस तरह से इस स्कीम में यूटीलाइलजेशन जिस तरह रिस्पांस मिला, जैसे किसानों के जीवन में रियल परिवर्तन आया है। इस स्कीम से उसके कारण हम एलोकेशन को इनहेंन्स किया गया।*

केंद्रीय कैबिनेट के फैसलों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत प्रदेश के किसानों ने प्रधानमंत्री का आभार जताया ह। शामली के किसान सोनू मलिक ने किसानों के हित में लिए गए फैसले पर खुशी जताई है। बाइट.....

*सरकार की कैबिनेट मीटिंग हुई डीएपी पर जो सब्सिडी मिली किसानों को, बहुत लाभ का काम किया और जो फसल बीमा योजना चलाई सरकार ने इसमें भी किसानों को बहुत बढ़िया लाभ मिलेगा। इसमें किसानों को कोई नुकसान नहीं होगा।*

जौनपुर के किसान सुभाष यादव ने कहा कि सरकार के इस फैसले से किसानों को बहुत राहत मिलेगी। बाइट....

मोदी सरकार ने आज ये फैसला किया वह अच्छा है जो फसल बीमा के लिये काम किये वह अच्छा किये है। सब्सिडी यूरिया खाद के लिये वो लाभदायक अच्छी चीज है।

इसके अलावा, इस योजना के कार्यान्वयन मं बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी के समावेश के लिए केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 824.77 करोड़ रुपये की निधि के साथ नवाचार और प्रौद्योगिकी (एफआईएटी) के लिए फंड के निर्माण को भी मंजूरी दी है।

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल एक सोशल मीडिया पोस्ट में ग्रीन आर्मी के काम को प्रेरणादायक बताते हुए उनकी सराहना की। ग्रीन आर्मी वाराणसी के देवरा में दृढ़ संकल्प वाली महिलाओं का एक संगठन है, जो नशाखोरी और जुए के खिलाफ जागरुकता बढ़ाता है। प्रधानमंत्री ने अपनी पोस्ट में कहा कि हमारा देश प्रतिभाओं का पावर हाउस है, जो नवाचार और साहस प्रदर्शित करने वाली असंख्य प्रेरक जीवन यात्राओं से भरपूर है। प्रधानमंत्री की इस सराहना से ग्रीन आर्मी की महिलाओं में काफी उत्साह है। ग्रीन आर्मी की सदस्य निर्मला ने बताया कि प्रधानमंत्री की सराहना से उनके प्रयासों को और बल मिलेगा। बाइट...

*ग्रीन आर्मी हम लोग नश मुक्ति अभियान चलाते है और नशा से हर एक प्राणी हर गांव हर एक जिले हम लोग का विचार हम लोग की चाहत है कि सब मुक्त हो जाये। प्रधानमंत्री से हमारी बातचीत हो जायेगा पत्र हम लोग लिखे। हम लोग के पत्र का जवाब दिये। हमें बहुत अच्छा लगा।*

——————————

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत प्रदेश के चंदौली और मानिकपुर के लिए दो सौ 72 करोड़

रुपये की परियोजना को स्वीकृति दी है। एनएमसीजी के महानिदेशक राजीव कुमार मित्तल की अध्यक्षता में कल हुई राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की 59वीं कार्यकारी समिति की बैठक हुई। इस बैठक में गंगा नदी के संरक्षण और कायाकल्प के लिए समर्पित कई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज राज्य सड़क सुरक्षा परिषद के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए पीआरडी और होमगार्डों की संख्या बढ़ाने को भी कहा है। साथ ही परिवहन निगम की बसों के ड्राइवरों की नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और बसों की फिटनेस का भी ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सड़कदुर्घटनाओं में हर वर्ष हो रही 23—25 हजार मौतें देश व राज्य की क्षति है। उन्होंने कहा कि छह से 10 जनवरी तक स्कूलों—कॉलेजों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। उन्होंने अधिकारयों को 5 जनवरी तक सभी जनपदों में जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न कराने को भी कहा है। श्री योगी ने एक ही वाहन का बार—बार चालान होने पर लाइसेंस और परमिट निरस्त करने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई को फॉस्टैग से अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

आज पूरा देश नये साल का उत्सव मना रहा है। नव वर्ष पर आगरा में ताजमहल के दीदार के लिए सुबह से ही देशी–विदेशी सैलानी बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में जापान, कनाडा, थाईलैंड, म्यांमार, श्रीलंका सहित अनेक देशों के विदेशी पर्यटक पहुंचे हैं। उधर, मथुरा म ठाकुर बांके बिहारी मंदिर और वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में देश–विदेश से श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन करने के लिए पहुंची है। वहीं रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले नव वर्ष पर अयोध्या में लाखों श्रद्धालु पहुंच हैं। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.....

*अयोध्या में नए वर्ष की एक अलग ही छटा दिख रही है, विशेष कर रामलला के दर्शन को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। दर्शन मार्ग पर जहां जय श्री राम के उद्घोष हो रहे हैं, तो वही सभी एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई भी दे रहे हैं, खास बात यह है की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद*

*का यह पहला नव वर्ष है। दर्शनार्थियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए जहां प्रशासन ने मुकम्मल व्यवस्था कर रखी है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि शाम 4 बजे तक लगभग डेढ़ लाख श्रद्धालओं ने रामलला के दर्शन कर लिए। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

——————————

प्रदेश में विद्युत बिलों में लग सरचार्ज में छूट के लिए एक मुश्त समाधान योजना का दूसरा चरण आज से प्रारंभ हो गया है। यह चरण 15 जनवरी तक चलेगा। योजना के प्रथम चरण में 17 लाख 20 हजार 651 उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ लिया, इससे एक हजार 372 दशमलव 9 करोड़ रूपये राजस्व की प्राप्ति हुई। योजना की तीसरा और अंतिम चरण 16 से 31 जनवरी तक चलेगा।

——————————

महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ने ट्रायंगुलर सर्विसेज शुरू करने का फैसला किया है। इसके तहत अयोध्या से बनारस और बनारस से प्रयागराज के लिये ट्रेनें चलाई जाएंगी। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के प्रबंधक एस एम शर्मा ने बताया यह सेवा 10 जनवरी से शुरू हो जाएगी। श्री शर्मा ने बताया कि मौनी अमावस्या के अवसर पर 29 जनवरी के आसपास कई विशेष ट्रेन विभिन्न रेलवे जोन द्वारा चलाई जाएंगे। बाइट......

*मौनी अमावस्या में करीब 29 तारीख के आसपास मैक्सिमम नवम्बर ऑफ स्पेशल ट्रेन चलेंगी। चाहे हम चला रहे, चाहे सेंट्रल रेलवे, चाहे नार्थ*

*इस्ट रेलवे जो पहला स्नान है 13 तारीख को उससे पहले हम लोग एक ट्रायल कर लेंगे जे हमारी तैयारी है उसके बारे में हमको पता हो।*

—————————

पहाड़ों में हुई बर्फबारी के बाद से प्रदेश शीतलहर की चपेट में है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए शीत दिवस जारी रहने का अनुमान जताया है। लखनऊ मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले तीन से चार दिनों में मौसम शुष्क रहने के कारण तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। बाइट.....

*आगामी पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आने वाले तीन चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान 4 से 6 डिग्री सेल्सियस और न्यूतम तापमान में 2 से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने की संभावना है जिसके कारण शीत दिवस की स्थितिया कमजोर पड़कर कल यानि 2 जनवरी को कहीं कहीं तक सीमित रह जायेगी तथा 3 जनवरी तक इनमें निजात मिल जाने की संभावना है।*

—————————

लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 3 जनवरी से 7 जनवरी तक अंतराष्ट्रीय हैंडबॉल चंपियनशिप ट्रॉफी का आयोजन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन की प्रेसिडेंट अलका दास ने आज ट्रॉफी का अनावरण किया। इस चंपियनशिप में मेजबान भारत सहित चार देशों की टीमें भाग लेंगी।

(समाप्त)